राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 29 जुलाई । राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह डोटासरा को अपना दायित्व निभाते हुए आज दिनांक 29 जुलाई, 2022 को दो वर्ष पूर्ण हो गये हैं। श्री गोविंद सिंह डोटासरा के अध्यक्षीय कार्यकाल में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश में हुए विभिन्न विधानसभा उप चुनावों के साथ ही नगर निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में सफलता हासिल की है तथा गत् दो वर्ष में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने हेतु प्रदेश में विभिन्न स्तरों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण शिविर, प्रदेश स्तरीय सम्मेलन एवं कार्यशाला सहित अनेक आयोजन किये गये हैं। केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा लागू तीन काले कृषि कानूनों से लेकर देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी एवं युवाओं के हितों के विपरीत केन्द्र सरकार द्वारा लागू अग्निपथ योजना तथा ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने की मांग सहित केन्द्र की भाजपा सरकार की गलत नीतियों एवं जनविरोधी निर्णयों के विरुद्ध राजस्थान के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लगातार संघर्ष किया है।

प्रदेशाध्यक्ष श्री डोटासरा के नेतृत्व में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा गत् दो वर्ष में किये गये समस्त कार्यों का विवरण पुस्तिका के रूप में जारी किया गया है तथा श्री डोटासरा द्वारा किये गये विभिन्न आन्दोलन तथा संगठनात्मक कार्यों के संकलन का वीडियो भी राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सोशल मीडिया के ऑफिशियल पेज पर जारी किया गया है।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter